दिनांक 31.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

'स्वच्छता एप डाउनलोड के मामले में पहले पायदान पर पहुंचा भिलाई शहर'

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन व नगर निगम आयुक्त एस. के. सुंदरानी के दिशा निर्देश व अथक प्रयास की बदौलत भिलाई शहर स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के मामले में प्राप्त लक्ष्य से अधिक आंकड़ा हासिल कर भिलाई नंबर वन पर आ चुका है।भिलाई शहर के हाउस होल्ड का 50 प्रतिशत के हिसाब से 62570 की संख्या में शहरवासियों को स्वच्छता एप डाउनलोड करने का लक्ष्य निगम भिलाई को प्रदान किया गया था । परंतु इस लक्ष्य के आंकड़े को पार करते हुए भिलाई शहर की जनता ने स्वच्छता में अपनी रुचि व उत्साह दिखाते हुए 82486 स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर लिया है जो कि स्वच्छ डॉट सिटी के पोर्टल में प्रदर्शित हो चुका है।नगरीय निकायों के स्वच्छता एप डाउनलोड करने के संदर्भ में जारी स्टेट रैंकिंग में प्रथम भिलाई, द्वितीय सराईपाली, तृतीय बागबाहरा, चतुर्थ डौंडी लोहारा, पांचवा कवर्धा का नाम डाटा सिटी के पोर्टल पर प्रदर्शित है इस प्रकार से 168 शहरों की स्टेट रैंकिंग प्रदर्शित की गई है।

बता दें कि भिलाई निगम के महापौर देवेंद्र यादव एवं आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा भिलाई शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में नंबर वन बनाने के लिए सतत् प्रयास पर हैं स्वच्छता एप डाउनलोड करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से, चौक चौराहों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से, छठ पर्व के अवसर पर, मतदान के विभिन्न गतिविधियों के दौरान, मानव श्रृंखला के समय ,गुरु घासीदास समारोह में, गुरुद्वारा में ,क्रिसमस के समय, मतगणना स्थल के समीप मोबाइल काउंटर स्थापित कर, पंपलेट एवं पोस्टर के माध्यम से, विभिन्न बैंक के बीच जाकर, स्वयं सहायता समूह एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने का लक्ष्य प्रदाय कर, जादूगर गोगिया सरकार के कार्यक्रम के माध्यम से, विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाकर, बीएसपी प्रबंधन के साथ समन्वय एवं लक्ष्य प्रदाय कर , विभिन्न बैंक को लक्ष्य प्रदाय कर ,निगम कार्यालय में आने जाने वाले नागरिकों को लोक सेवा केंद्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड ,आदि में लगने वाले भीड़ में स्वच्छता एप डाउनलोड को प्रचारित कर, सिविक सेंटर में ब्रांड एंबेसडर नन्हे चाय वाले के माध्यम से स्वच्छता एप डाउनलोड को प्रचारित कर, टीम गठित कर मैत्री उद्यान में जाकर , मोबाइल कंपनियों के माध्यम से भिलाई वासियों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के संदेश प्रेषित कर एवं टीम भावना से कार्य करते हुए भीड़ वाले क्षेत्रों में अजीत होने वाले कार्यक्रम में जाकर उनके बीच स्वच्छता जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने का संदेश महापौर देवेंद्र यादव एवं आयुक्त एस.के. सुंदरानी के मार्गदर्शन में भिलाई को स्वच्छता एप डाउनलोड के मामले में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पहले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है।इस तरह से भिलाई शहर सेवन स्टार रैंकिंग की पात्रता हासिल करने में भी सफल हो गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में 5000 अंक की प्रतियोगिता में स्वच्छता एप डाउनलोड करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद भिलाई को 1000 अंक हासिल होने की पूरी संभावना बढ़ गई है। महापौर देवेंद्र यादव ने कहा की भिलाई शहर की जनता को स्वच्छता एप डाउनलोड करने के लिए धन्यवाद प्रेषित करता हूं। आयुक्त एसके सुंदरानी ने सभी भिलाई वासियों का आभार जताते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

जनसम्पर्क अधिकारी